卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 25 ♦अंक 339 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर ;ऊधमसिंहनगरद्ध ♦रविवार ♦14 सितम्बर 2025 ♦मूल्य दो रूपया

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462

## देशविरोधियों की रक्षक बन चुकी है कांग्रेस: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को असम के दरांग जिले में 6,300 करोड़ रुपये से अधिक की स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की आधारशिला रखी। इस अवसर पर आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर करारा हमला बोला और कहा कि देश के विकास में उत्तर पूर्वी राज्यों की भूमिका अब निर्णायक बन चुकी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पूरा देश आज विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर आगे बढ़ रहा है। खासकर



हमारे नौजवानों के लिए विकसित भारत सपना भी है और संकल्प भी। इस संकल्प की सिद्धि में उत्तर पूर्व की बहुत बड़ी भूमिका है। अपने संबोधन में पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी उत्तर पूर्व की सदी है। यह वह समय है जब उत्तर पूर्व के विकास की रफ्तार को नया आयाम मिल रहा है। चाहे सड़क, रेल या हवाई संपर्क, हर क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहे हैं। कनेक्टिविटी जितनी बेहतर होगी, विकास उतना ही तेज होगा, उन्होंने कहा। प्रधानमंत्री ने दरांग मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और जीएनएम स्कूल जैसी स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन करते हुए कहा कि ये संस्थान स्वास्थ्य क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव (शेष पृष्ठ सात पर)

## अवैध रूप से रह रही दो बांग्लादेशी महिलाएं पकड़ी

देहरादून। उत्तराखंड पुलिस ने ऑपरेशन कालनेमि के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए दो बांग्लादेशी महिलाओं को गिरफ्तार किया है, जो पटेलनगर थाना क्षेत्र के पूजा विहार, चंद्रबनी इलाके में पिछले कुछ समय से अवैध रूप से रह रही थीं। गिरफ्तारी के बाद इन दोनों को डिपोर्ट करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पुलिस, एलआईयू और एसओजी की संयुक्त



टीम इलाके में संदिग्धों की पहचान और सत्यापन अभियान चला रही थी। इसी दौरान जब दो महिलाएं संदिग्ध हालात में घूमती मिलीं, तो टीम ने उन्हें रोका और पूछ ताछ शुरू की। जब उनकी तलाशी ली गई तो उनके पास से (शेष पृष्ठ सात पर)

## पेट्रोल पंप के पास अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

सितारगंज(उद संवाददाता)। नगर के बिजटी चौक के समीप रविवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया, जब पेट्रोल पंप से कुछ मीटर की दूरी पर एक अज्ञात युवक का शव बरामद हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर शिनाख्त की प्रक्रिया शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार, रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने चौराहे के पास स्थित एक खाली मैदान में युवक का शव पड़ा देखा। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद उप निरीक्षक कैलाश देव, सिपाही चंद्रप्रकाश व अशोक बोहरा मौके पर पहुंचे और घटनास्थल को सुरक्षित कर शव को कब्जे में लिया।



पुलिस के अनुसार, मृतक युवक की उम्र लगभग 30 से 35 वर्ष के बीच प्रतीत हो रही है। शव की स्थिति देखकर अंदेशा जताया जा रहा है कि मौत करीब एक दिन पहले हुई होगी। मृतक के चेहरे और गले पर सूजन के निशान भी देखे गए हैं, जिससे संदेह और गहरा गया है। उप निरीक्षक कैलाश देव ने बताया कि युवक के कपड़ों में कोई पहचान पत्र या दस्तावेज नहीं मिला है। शव (शेष पृष्ठ सात पर)

## हिंदू संगठनों ने फूंका विधायक उमेश का पुतला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आज जोरदार नारेबाजी के बीच खानपुर के विधायक उमेश कुमार के पुतले को आग के हवाले किया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि गत दिनों बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को हरिद्वार में जानकारी मिली कि एक पिकप में गौ मांस ले जाया जा रहा है जब कार्यकर्ताओं ने वाहन का पीछा किया तो चालक तेजी से वाहन भगाने लगा कुछ आगे जाकर वाहन एक गौवंश से टकराकर रूक गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि जब मौके पर वाहन की तलाशी ली तो उसमें गौमांस भरा मिला। मामलें की जानकारी पुलिस को दी गई। तभी विधायक उमेश कुमार



कुछ लोगों के साथ मौके पर पहुंच गये और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को धमकी देते हुए वाहन में बैठे हुए लोग बचाने लग गये। साथ ही गौमांस से भरे वाहन को आग लगाकर साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास किया। जिसकी जितनी निंदा की जाए कम है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि हिन्दू विरोधी तत्वों को बर्दाश नहीं किया जाऐगा। पुतला फूकने वालों में राजेन्द्र सिंह मेहरा,जिला मंत्री राजेंद्र सिंह मेहरा,जिला सहसंयोजक रमेश सिंह बिष्ट, विहिप के जिला उपाध्यक्ष (शेष पृष्ठ सात पर)

## भूमि पूजन के साथ रुद्रपुर की प्रमुख रामलीला की तैयारियां शुरू

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की प्राचीन मुख्य बस स्टैंड वाली रामलीला मैदान में भूमि पूजन के साथ ही तैयारियां युद्धस्तर पर प्रारम्भ हो गयी है। सगड़ा कहलाने वाली इस रस्म में पंडित वेद प्रकाश नें धार्मिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से भूमि पूजन संपन्न कराया। इस वर्ष की श्रीराम लीला में प्रभु श्रीराम चन्द्र जी का किरदार निभानें वाले समाजसेवी मनोज अरोरा एंव हनुमान जी का किरदार निभानें वाले समाजसेवी सुशील गाबा सहित समस्त रामलीला कमेटी एवं श्री रामनाटक क्लब के पदाधिकारियों एवं सदस्यों नें भूमि पूजन में प्रतिभाग किया। श्रीरामलीला कमेटी के अध्यक्ष पवन



अग्रवाल ने बताया कि सगड़े की इस रस्म के तहत श्री रामलीला के लिए भूमि पूजन किया जाता है ताकि आयोजन सफलता पूर्वक हो, भगवान श्री राम का आशीर्वाद मिले, नकारात्मक ऊर्जा दूर हो, और भूमि की समृद्धि हो। यह आयोजन के सभी बाधाओं को दूर करने और भक्तों के लिए सुख-शांति की कामना के साथ -साथ रामलीला को भव्य बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होता है। महामंत्री विजय अरोरा नें कहा कि भूमि की समृद्धि और शुद्धिकरण के रूप में भूमि पूजन देवी भूमि और वास्तु पुरुष की पूजा है, जिसका उद्देश्य भूमि को शुद्ध करना और उसकी समृद्धि सुनिश्चित करना है।समन्यवयक नरेश शर्मा ने कहा कि इस प्राचीन एवं भव्य परंपरा से नई पीढ़ी को जोड़कर इनई पीढ़ी को भगवान राम के आदशों से परिचित कराना है। भूमि पूजन इस प्रयास की शुरुआत का प्रतीक है।श्री राम नाटक क्लब के अध्यक्ष विशाल भुड्डी ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी प्रभु श्रीराम जी के जीवन (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईबर ठगी के जाल में फँसी युवती, 5.50 लाख गंवाये

शक्तिफार्म। डिजिटल युग में जहां एक ओर तकनीक जीवन को आसान बना रही है, वहीं दूसरी ओर साइबर अपराधियों ने इसे ठगी का नया हथियार बना लिया है। शक्तिफार्म कस्बे में एक युवती से हुई 5.50 लाख रुपये की साइबर ठगी ने पूरे क्षेत्र में खलबली मचा दी है। टेलीग्राम जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से जाल बिछाकर यह फर्जीवाड़ा अंजाम दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, शक्तिफार्म निवासी दीपिका देवनाथ, पुत्री निखिल देवनाथ, 22 से 24 मई 2025 के बीच एक अज्ञात टेलीग्राम चौनल के संपर्क में आई। चौनल पर सक्रिय साइबर अपराधियों ने उसे बहला-फुसलाकर भरोसे में लिया और फिर क्रमश: एसबीआई, एचडीएफसी सहित अन्य खातों व गूगल पे के जरिए मोटी रकम ट्रांसफर करवा ली। जब तक दीपिका को ठगी का एहसास हुआ, तब तक वह 5 लाख 50 हजार रुपये गंवा चुकी थी। घटना की जानकारी मिलते ही दीपिका ने तत्परता दिखाते हुए राष्ट्रीय साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई और स्थानीय पुलिस चौकी में भी मामला दर्ज कराया। शक्तिफार्म पुलिस ने (शेष पृष्ठ सात पर)

## ऑनलाइन सर्वे में जनता की पहली पसंद सीएम धामी

**टाइम्स ग्रुप ने सोशल मीडिया साइट एक्स और व्हाट्सएप कम्युनिटी में कराया सर्वे,आपदा प्रभावित राज्यों में सीएम धामी ने किया सबसे अच्छा काम,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर जनता का मिला अपार समर्थन**

देहरादून। देश के आपदा प्रभावित राज्यों में किस मुख्यमंत्री ने सबसे प्रभावी और संवेदनशील नेतृत्व प्रदान किया। इस सवाल को लेकर टाइम्स ग्रुप द्वारा कराए गए एक ऑनलाइन सर्वे में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को जनता की 'पहली पसंद' के रूप में चुना गया है। यह सर्वे नवभारत टाइम्स द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स और व्हाट्सएप कम्युनिटी पर आयोजित किया गया था, जिसमें चार राज्यों के मुख्यमंत्रियों के नाम शामिल किए गए थे। जिनमें पुष्कर सिंह धामी (उत्तराखंड), उमर अब्दुल्ला (जम्मू-कश्मीर), सुखविंदर सिंह सुक्खू (हिमाचल प्रदेश) और भगवंत मान (पंजाब) शामिल थे। सर्वे परिणामों में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री धामी ने 79% मतों के साथ भारी बढ़त बनाई, जबकि जम्मू-कश्मीर के उमर अब्दुल्ला को 20%, हिमाचल प्रदेश के सुखविंदर सिंह सुक्खू और पंजाब के भगवंत मान को महज 1.1% मत ही प्राप्त हुए। यह नतीजे साफ संकेत देते हैं कि आपदा प्रबंधन, राहत और पुनर्वास कार्यों में मुख्यमंत्री धामी की कार्यशैली को जनता ने पूरी तरह से सराहा और उस पर विश्वास जताया। उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्य में आपदाएं कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन इस बार जिस तरह से मुख्यमंत्री



धामी ने आपदा की घड़ी में त्वरित और जमीन से जुड़े फैसले लिए, राहत कार्यों को युद्ध स्तर पर शुरू कराया और प्रभावित इलाकों का लगातार दौरा कर पीड़ितों से सीधा संवाद कियाख्रउसने उन्हें बाकी नेताओं से अलग और आगे खड़ा कर दिया। सिर्फ नवभारत टाइम्स का ही नहीं, बल्कि टाइम्स ऑफ इंडिया की आधिकारिक वेबसाइट पर हुए पोल में भी धामी को आपदा काल में सबसे भरोसेमंद मुख्यमंत्री के रूप में चुना गया। यहां भी हजारों यूजर्स ने उनकी नेतृत्व क्षमता, संवेदनशील दृष्टिकोण, प्रशासनिक सक्रियता और निरंतर उपस्थिति की मुक्तकंठ से सराहना की। राजनीतिक विशेषज्ञों का मानना है कि इस सर्वे परिणाम ने एक बार फिर यह साबित किया है कि आपदा जैसी विकट परिस्थितियों में जनता उसी नेता को पसंद करती है, जो न केवल आदेश दे, बल्कि खुद जमीन पर उतर कर काम करे। मुख्यमंत्री धामी का यही जमीनी जुड़ाव और निर्णय लेने की तेज शैली उन्हें अन्य नेताओं से अलग बनाती है। उनके नेतृत्व में उत्तराखंड ने न केवल राहत एवं पुनर्वास के मामलों में त्वरित प्रगति की, बल्कि स्थानीय प्रशासन और राज्य मशीनरी के बीच तालमेल भी बेहतर हुआ है। सीमांत (शेष पृष्ठ सात पर)

# सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम की रूपरेखा तय, कार्यकर्ताओं को सौंपी गई जिम्मेदारियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा सरदार पटेल मंडल की बैठक ट्रांजिट कैंप में आयोजित की गई, जिसमें आगामी सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आयोजित किए जाने वाले गतिविधियों की रूपरेखा पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में महापौर विकास शर्मा उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को जोशपूर्ण संदेश दिए और उन्हें समाज सेवा के लिए प्रेरित किया। महापौर विकास शर्मा ने कहा कि सेवा पखवाड़ा न केवल एक आयोजन है, बल्कि यह जन-कल्याण की भावना को प्रकट करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा,हमारे समाज के प्रत्येक वर्ग को सहयोग, सशक्तिकरण और समर्पण के भाव से जोड़ने का यह सबसे बेहतरीन अवसर है। भाजपा का यह कार्यक्रम केवल पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए नहीं, बल्कि हर नागरिक के लिए संदेश है कि हम सब मिलकर अपने शहर, समाज और प्रदेश को विकास की ऊँचाइयों पर ले जा सकते हैं।उन्होंने कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने अपने क्षेत्रों में जाकर गरीबों, जरूरतमंदों, वृद्धजनों,





दिव्यांगजनों और अनाथों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही शहर की स्वच्छता, स्वास्थ्य जागरूकता, वृक्षारोपण, पानी संरक्षण जैसे कार्यक्रमों को समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने की जिम्मेदारी ली जाए। महापौर विकास शर्मा ने आगे कहा, इस सेवा पखवाड़े में हम अपने कर्तव्यों का निर्वाह बड़े उत्साह और ईमानदारी से करेंगे। प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र का विस्तारपूर्वक अध्ययन कर, जनसुविधाओं की जानकारी जुटानी होगी और जहां आवश्यक हो, वहां हमारी पार्टी के माध्यम से सरकार से सहयोग प्राप्त कर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना होगा। भाजपा का मूल मंत्र ही सेवा है, जनसेवा है और जनकल्याण है।बैठक में सेवा पखवाड़ा के कार्यान्वयन हेतु विशेष रणनीति तैयार की गई। बैठक में प्रत्येक कार्यकर्ता को विशिष्ट जिम्मेदारियां सौंपी गईं ताकि सेवा पखवाड़ा का आयोजन सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हो सके। बैठक में जिला अध्यक्ष कमल जिंदल, जिला महामंत्री तरुण दत्ता , जिला उपाध्यक्ष श्रीमती शालनी बोरा, जिला मंत्री अक्षय अरोरा, जिला मीडिया संयोजक विजय तोमर, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष विवेक दीप सिंह, मंडल अध्यक्ष धीरेश गुप्ता, मंडल महामंत्री नीतेश गुप्ता मंडल महामंत्री शंकर विश्वास मंडल उपाध्यक्ष गोविंद शर्मा ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष भूपराम लोधी सहित पार्षद विष्णु,मुकेश पाल, राजेंद्र राठौड़, राधेश शर्मा, निमित शर्मा, एम पी मौर्य, गोविंद शर्मा, अजीत सक्सैना, आकाश रस्तोगी, गिरीश राठौर, आदेश भारद्वाज, शंकर विश्वास, तपन मंडल, श्रीमती शम्मी गुप्ता, श्रीमती कविता नेगी, श्रीमती आशा मुंजाल, राकेश लोधी, शक्ति ठाकुर सहित दर्जनों वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सांसद अजय भट्ट ने ली अपने प्रतिनिधियों की बैठक

नैनीताल(उद संवाददाता)।सांसद और पूर्व केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने शनिवार को सर्किट हाउस काठगोदाम मे संसदीय क्षेत्र की अपने प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने प्रतिनिधियों को क्षेत्र में अधिक से अधिक जनसंपर्क करने और जनता की समस्याओं के समाधान में सक्रिय भूमिका निभाने के निर्देश दिए। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि प्रतिनिधि आम जनता के बीच जाकर सड़क, बिजली, पानी, स्वास्थ्य और अन्य बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि छोटे स्तर की समस्याओं का समाधान तत्काल किया जाए और जो मुद्दे सांसद स्तर के हैं, उन्हें समय पर उनके समक्ष रखा जाए। सांसद ने स्पष्ट किया कि जनता और सांसद के बीच सासद प्रतिनिधि एक मजबूत कड़ी हैं। ऐसे में उनकी जिम्मेदारी है कि वे लोगों के बीच रहकर उनकी तकलीफें सुनें और समाधान में अपनी अहम भूमिका निभाएँ। बैठक में सांसद ने प्रतिनिधियों से कहा कि जनता के साथ जुड़ाव ही उनकी सबसे बड़ी



ताकत है। उन्होंने ळैज् रिफॉर्म का उदाहरण देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार भी जताया। श्री भट्ट ने कहा कि सभी प्रतिनिधियों को यह जानकारी रहनी चाहिए कि अभी आयकर में 12 लाख तक की छूट के बाद अब केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी के दरों में भी भारी कमी की गई है। जिसमें दूरदर्शी सोच के साथ आम नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए केंद्र सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने अपने प्रतिनिधियों से कहा कि किसी भी समस्या का समय पर निवारण होगा तो क्षेत्र में विकास की गति और तेज होगी और जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। श्री भट्ट ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को आमजन पहुंचाएं इस दौरान बैठक का संचालन सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती ने किया, बैठक में नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र के प्रतिनिधियों में नंदन गोस्वामी विपिन जल्होत्रा कार्तिक राय हिमांशु मिश्रा भगवान तिवारी कमलेश जोशी गोविंद बढ़ती लवी सहगल दीपक जोशी बालम बोरा पुष्कर जोशी त्रिलोक नैला अनुभव कुमार देवेंद्र बिष्ट आदि लोग मौजूद रहे।

# तीन दिन से लापता व्यक्ति का नहर में मिला शव

रामनगर(उद संवाददाता)। शनिवार हाथीडगर क्षेत्र स्थित सिंचाई नहर में एक अज्ञात शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। बाद में शव की शिनाख्त ग्राम मोतीपुर नेगी पीरूमदारा निवासी आजम अल्वी के रूप में हुई, जो बीते तीन दिनों से लापता थे। घटना की जानकारी मिलते ही मृतक के परिजन और पुलिस मौके पर पहुंचे, जहां शव को नहर से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार, 11 सितम्बर की शाम आजम अल्वी घर से यह कहकर निकले थे कि वे पास की एक दुकान से कुछ सामान लेने जा रहे हैं। परंतु देर रात तक जब वे घर नहीं लौटे तो परिजनों ने उनकी तलाश शुरू की। स्थानीय स्तर पर काफी खोजबीन के बावजूद जब कोई सुराग नहीं मिला, तो परिजन बेहद चिंतित हो उठे। शनिवार सुबह मृतक के रिश्तेदार असलम शाह को सूचना मिली कि एक शव हाथीडगर क्षेत्र की नहर में देखा गया है। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने शव की पहचान अपने जीजा आजम अल्वी के रूप में की। यह खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस के अनुसार, शव की स्थिति देखकर प्रथम दृष्टया मौत के कारणों को स्पष्ट रूप से नहीं कहा जा सकता। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का खुलासा हो सकेगा।



# महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा का आयोजन

नानकमत्ता (उद संवाददाता)। महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय में हिंदी दिवस हिंदी पखवाड़ा के रूप में मनाया गया। जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण,कविता ,कुमाऊनी लोक नृत्य पेश किए गए । महाराणा प्रताप कॉलेज के प्रांगण में आयोजित हिंदी पखवाड़ा में पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान कुमकुम,द्वितीय स्थान सरस्वती तृतीय स्थान रीशु ने, भाषण प्रतियोगिता प्रथम स्थान प्रियांशी, द्वितीय स्थान नेहा अटवाल,तृतीय स्थान अतुल राणा, सांत्वना पुरास्कर बेबी कौर प्राप्त किया। वही कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा जोशी,द्वितीय पूजा जोशी, तृतीय स्थान कुमकुम राणा प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ सरस्वती की मूर्ति पर दीप प्रज्जलित करके किया गया। साथ ही हिंदी दिवस के महत्व, भारतीय संस्कृति से इसका जुड़ाव एवं राष्ट्रीय एकता में इसके योगदान पर जोर



देते हुए विद्यार्थियों को हिंदी में बोलने, लिखने और पढ़ने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर विद्या शंकर शर्मा,डा निशा, निर्णायक मंडल में डॉक्टर ममता सुयाल, डॉ उमेश चंद्र जोशी,डॉ रवि जोशी,डॉ दर्शन मेहता डॉक्टर निशा परवीन, डॉ निवेदिता डॉक्टर मृत्युंजय शर्मा डॉ ललित सिंह बिष्ट डॉ स्वामी,डॉ मंजूलता शामिल थे।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

सितारगंज (उद संवाददाता)।बार एसोसिएशन के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आलोक वर्मा ने स्थानीय बार एसोसिएशन की नगर इकाई के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जज स्कंद त्यागी ने की। महाराजा अग्रसेन ट्रस्ट में बार एसोसिएशन की नवीन कार्यकारिणी के शपथ ग्रहण समारोह में भव्य कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय की बालिकाओं ने सांस्कृतिक, रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत कर किया। शपथ ग्रहण समारोह में सितारगंज बार एसोसिएशन अध्यक्ष पद पर दयानंद सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर योगेंद्र यादव, उपाध्यक्ष मंगल सिंह, सचिव शक्ति प्रताप सिंह, कोषाध्यक्ष रामबदन, वरिष्ठ सदस्य गुरमीत सिंह, कनिष्ठ सदस्य राजा सरकार, सरिता और मोबीन अली को उच्च न्यायालय के न्यायाधीश



आलोक वर्मा ने शपथ ग्रहण कराई। यहां उच्च न्यायालय के न्यायाधीश आलोक वर्मा ने अपने वक्तव्य में कहा कि न्याय पाना सबका अधिकार है। नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दयानंद सिंह ने शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे अतिथियों का आभार व्यक्त किया। शपथ ग्रहण समारोह कार्यक्रम का संचालन शक्ति प्रताप सिंह ने किया। इस मौके पर उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीएस मेहता, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष बीडी कांडपाल, सदस्य एमके राय, दीप जोशी, रुद्रपुर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव फौगाट, पूर्व अध्यक्ष दिवाकर पांडे, दीपक रुवाली आदि मौजूद थे।

# दुकान के आगे से नाली के ऊपर लगा लोहे का जाल चोरी

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। आदर्श कालोनी क्षेत्र में अज्ञात चोरों द्वारा दुकान के सामने नाली पर लगाया गया लोहे का जाल चोरी कर लिया गया। मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। आदर्श कालोनी में बालाजी द्वार के समीप स्थित मां भोजनालय के स्वामी चन्द्रमोहन गावड़ी ने बताया कि उन्होंने अपनी दुकान के आगे नाली पर लोहे का जाल लगाया हुआ है। जिसे अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया। उन्होंने बताया कि करीब दो वर्ष पूर्व भी उनकी दुकान से चोरी की घटना हुई थी। जिसकी सूचना देने के बाद भी अभी तक कुछ पता नहीं चल सका है। गौरतलब हो कि आदर्श कालोनी क्षेत्र में नशेड़ी युवकों द्वारा नशे की लत पूरी करने के लिए आये दिन चोरी की छुटपुट घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। पुलिस की रात्रि गश्त में हो रही ढ़िलाई का ऐसे युवक पूरा फायदा उठा रहे हैं। जिससे स्थानीय लोगों में काफी रोष देखा जा रहा है।



# टैक्सी मालिक एवं चालक कल्याण समिति पदाधिकारियों का किया स्वागत

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। शिवसेना महानगर इकाई की एक बैठक कुमाऊं मंडल सचिव पदमपाल के निवास स्थान बरेली रोड धान मिल पर आयोजित की गई। जिसमें संगठन को और विस्तार एवं मजबूती प्रदान करने पर विचार किया गया। बैठक में शिवसेना महानगर मंत्री दीपक राजपूत के नेतृत्व में कुमाऊं द्वार टैक्सी मालिक एवं चालक कल्याण समिति (काठगोदाम) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रशांत नेगी, मनोज आर्या उपसचिव, गोविंद सिंह बिष्ट सदस्य, बॉबी गोस्वामी को सदस्य चुने जाने प्रदेश उप प्रमुख रूपेंद्र नागर के नेतृत्व में शिव सैनिकों ने पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया । बैठक में शिव सैनिकों ने शहर में बढ़ते अपराधों को लेकर चिंता जताई, अव्यवस्थित ट्रैफिक व्यवस्था, बिना सत्यापन के शहर में व्यापार कर रहे लोगों को लेकर, शराब, महानगर में बढ़ते एक्सीडेंट, अराजकता नशाखोरी जैसे विभिन्न सामाजिक मुद्दों पर चिंता व्यक्त की गई। बैठक में शिवसेना



प्रदेश उपाध्यक्ष रूपेंद्र नागर , कुमाऊं मंडल अध्यक्ष हेमंत कुमार, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह,मंडल सचिव पदमपाल , सरजू प्रसाद पांडे, जिला अध्यक्ष त्रिलोक सिंह, नगर अध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन मंत्री अशोक सिंधी, सुशील गुप्ता, सुनील गुप्ता , नगर उपाध्यक्ष प्रमोद आर्य, मीडिया प्रभारी अभिषेक कश्यप, लाल कुआं विधानसभा प्रभारी चंदन सिंह राणा , नगर सचिव पुरुषोत्तम सिंह, राजू गुप्ता, नरेश कुमार, मुकेश बिष्ट, पंकज जायसवाल, आयुष वार्ष्णेय, कुलदीप पाठक, सूरज आर्या, रोहित सूरी, गुरुवंश आहूजा, अशोक कुमार, सागर कश्यप, मोनू सिंह, करन कश्यप, अक्षय मौर्य, रिंकू राजपूत, कमलेश कुमार सहित कई अन्य शिव सैनिक मौजूद थे।

# वार्ड 17 और 18 में जन सुविधा शिविर आयोजित

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी वंदना के निर्देशन में हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को नगर निगम के वार्ड 17 हीरानगर गोलज्यू मंदिर में एवं वार्ड 18 पार्षद कार्यालय भोलानाथ गार्डन में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत तथा सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएँ प्रमुख रूप से उठाई गईं। अधिकारियों ने इनमें से कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि




अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए।शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 68 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए अथवा पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त यूसीसी के 16 आवेदन पत्र प्राप्त हुए एवं 02 स्ट्रीट लाइट सही कराए जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। जन सुविधा शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद भी उपस्थित रहे। जन सुविधा शिविरों के माध्यम से नागरिकों को उनके वार्ड क्षेत्र में ही संपूर्ण नागरिक सुविधा एक ही स्थान पर उपलब्ध कराई जा रही है, जहाँ आधार कार्ड बनवाने एवं संशोधन, राशन कार्ड, विवाह पंजीकरण, बिजली-पानी जैसी सेवाओं के साथ-साथ नगर निगम एवं पूर्ति विभाग से जुड़ी समस्याओं का समाधान त्वरित और प्रभावी ढंग से किया जा रहा है। इन शिविरों के माध्यम से नागरिकों को आवश्यक सेवाओं तक सहज और सुलभ पहुंच सुनिश्चित की जा रही है।जिला प्रशासन ने क्षेत्र की जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन शिविरों में पहुँचकर उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का लाभ उठाएँ। इन शिविरों का उद्देश्य है कि नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान और सरकारी सेवाओं का लाभ उनके घर-पास ही मिल सके एवं योजनाओं का सीधा लाभ सरल एवं सहज तरीके से हर नागरिक तक पहुँच सके।

## रामकथा के समापन पर शामिल हुए विधायक शिव अरोरा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।काशीपुर रोड स्थित नवरंग वाटिका में गत 4 सितम्बर से प्रारंभ हुई श्रीराम कथा का भव्य समापन शांतनु जी महाराज





(प्रयागराज) के सुमधुर वाणी में सुंदरकांड पाठ के साथ सम्पन्न हुआ। समापन दिवस पर क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने भी कथा में भाग लिया और व्यास पीठ से आशीर्वाद प्राप्त किया। विधायक शिव अरोरा इससे पूर्व कथा आरंभ के दिन निकाली गई कलश यात्रा में भी सम्मिलित हुए थे। समापन दिवस पर उन्होंने श्रीराम कथा का श्रवण कर भगवान राम के जीवन के आखिरी प्रसंगों रावण वध और अयोध्या वापसी का भावपूर्ण वर्णन सुना। कथा स्थल पर जब राम की अयोध्या वापसी पर फूलों की वर्षा हुई, तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया और विधायक भी उसमें झूमते नजर आए। इस अवसर पर विधायक शिव अरोरा ने कहा शांतनु जी महाराज के श्रीमुख से भगवान श्रीराम के जीवन प्रसंगों का जो दिव्य वर्णन हुआ, वह हृदय को छू लेने वाला था। उनकी वाणी आत्मा को स्पर्श करती है और हर शब्द भक्तों के मन में प्रभु श्रीराम की छवि को सजीव कर देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन न केवल लोगों को आत्मिक शांति प्रदान करते हैं, बल्कि सनातन संस्कृति और परंपरा को सशक्त बनाने का भी कार्य करते हैं। विधायक ने आयोजन समिति और आचार्य पवन पांडेय एवं नवरंग वाटिका के स्वामी को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में दूधिया बाबा शिवानंद महाराज, मनीष अग्रवाल, राजकुमार गाबा, डॉ. राहुल भरद्वाज, अलोक सक्सेना, हरनाम चौधरी, विपुल सिंह, मोहित गंभीर, मयंक कक्कड़, कपिल शर्मा, मुकेश पारीक सहित अनेक श्रद्धालु एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## 34वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा 16 सितम्बर से

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। श्री दुर्गा यात्रा समिति एवं श्री दुर्गा मंदिर सभा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 34वीं मां वैष्णो दरबार यात्रा का शुभारंभ 16 सितम्बर, मंगलवार को होगा। जानकारी देते हुए समिति के संयोजक वेद ठुकराल और प्रवक्ता पवन गाबा पल्ली ने बताया कि यह धार्मिक यात्रा प्रात: 7:30 बजे श्री दुर्गा मंदिर, रुद्रपुर से आरती के उपरांत रवाना होगी। यात्रा के प्रथम चरण में श्रद्धालु महापौर विकास शर्मा एवं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती गीता शर्मा के साथ महावीर ध्वज और महामाई की चुनरी लेकर पांच मंदिरों में पूजन-अर्चन करेंगे। पूजन के बाद यात्रा आगे बढ़ेगी और नौ देवियों के दर्शन करते हुए 21 सितम्बर को मां



ज्वाला जी के पावन धाम पहुंचेगी। वहां से मां ज्वाला जी की पावन ज्योति लेकर यात्रा वापस लौटेगी और गल्ला मंडी, रुद्रपुर में इसका भव्य स्वागत किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय सांसद श्री अजय भट्ट एवं विधायक श्री शिव अरोरा विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे और पावन ज्योति का श्रद्धापूर्वक स्वागत करेंगे। यात्रा के दौरान श्रद्धालु भक्ति भाव से ओतप्रोत होकर मां वैष्णो देवी के पवित्र नाम का गुणगान करेंगे।

## स्वतंत्रता सेनानी व अमर शहीदों के बलिदान को कभी ना भूलें- हरि चैतन्यपुरी

हरिद्वार (उद संवाददाता)। मां पतित पावनी गंगा जी के हर की पैड़ी तट पर संत स्वामी श्री हरि चैतन्य महाप्रभु जी श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर कामवन ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं वीर अमर शहीदों को समर्पित उनके त्याग समर्पण एवं बलिदान को याद करते हुए उनके लिए श्राद्ध पक्ष में तर्पण किया। उनके निमित्त वैदिक रीति से पूजन व तर्पण करने के बाद उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि इस देश की आजादी के लिए व अभी तक सीमाओं की सुरक्षा के लिए जिन्होंने अपना अमर बलिदान दिया है उनके त्याग, समर्पण एवं बलिदान को हम सभी भारतवासियों को सदैव याद रखना चाहिए। हम उनका ऋण कभी चुका नहीं सकते। उन्हें याद रखते हुए



देश के लिए उनके समर्पण से प्रेरणा लेते हुए हमें भी अपना जीवन राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत बनाना चाहिए। जिनके नाम हम जानते हैं उन वीर अमर शहीदों को भी एवं जिनके नाम भी लोग नहीं जान पाए जो नींव के पत्थर बन गए जिनके ऊपर भारत राष्ट्र की मजबूत बिल्डिंग खड़ी है हम उन सब को भी और उनके अमर बलिदान को भी कोटीश: नमन करते हैं एवं भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।संकल्प लेते हैं इस राष्ट्र के लिए एवं भारत वर्ष की आन बान एवं शान के प्रतीक तिरंगे झंडे के सम्मान के लिए समर्पित भाव से सदा कार्य करेंगे।स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारों एवं वीर अमर शहीदों के परिवारों के सम्मान के लिए भी हम सब जागरुक होकर कार्य करेंगे। श्राद्ध श्रद्धा शब्द से बना है जीते जी भी हम अपने माता-पिता,बड़े बुजुर्गों के प्रति श्रद्धा भाव रखते हुए उनकी सेवा, सम्मान एवं सत्कार के लिए समर्पित रहेंगे और उनके अच्छे कार्यों को उन्हें याद करते हुए श्रद्धापूर्वक उन्हें याद रखेंगे एवं उनकी अच्छाइयों को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।सारा वातावरण श्री गुरु महाराज, कामां के कन्हैया, लाठी वाले भैय्या व गंगा मैय्या के जयकारों से गूंज उठा।

## उत्तराखंड सीनियर और सब-जूनियर सेपक टाकरा टीम चयन के लिए ट्रायल 15 सितम्बर को

रुद्रपुर। सेपक टाकरा एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के तत्वावधान में उत्तराखंड राज्य की सीनियर (पुरुष/महिला) एवं सब-जूनियर (बालक/बालिका) टीमों के चयन हेतु ट्रायल का आयोजन आगामी 15 सितम्बर 2025, सोमवार को किया जा रहा है। यह ट्रायल दोपहर 3 बजे से रुद्रपुर स्थित कल्याणी व्यू सेपक टाकरा अकादमी में आयोजित होगा। संघ के अध्यक्ष आर. पी. शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि सब-जूनियर वर्ग में केवल वही खिलाड़ी पात्र होंगे जिनका जन्म 1 जनवरी 2011 के बाद हुआ हो। जबकि सीनियर वर्ग को पूर्णत: ओपन श्रेणी में रखा गया है, जिसमें कोई भी योग्य खिलाड़ी भाग ले सकता है। ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों के लिए आधार कार्ड तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो लाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, खिलाड़ियों को अपने खेल की उचित वेश-भूषा में उपस्थित होना होगा। इस चयन प्रक्रिया में निर्णायक मंडल के रूप में सेपक टाकरा कोच गौरव जोशी, सावन मल्होत्रा, एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी डॉ. नागेन्द्र शर्मा उपस्थित रहेंगे। डॉ. नागेन्द्र शर्मा ने बताया कि चयनित सीनियर टीम को प्रशिक्षण शिविर के बाद 23 से 28 अक्टूबर 2025 तक गोवा में आयोजित राष्ट्रीय चौंपियनशिप में प्रतिभाग करना है, जबकि सब-जूनियर टीम नवंबर के प्रथम सप्ताह में झारखंड में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व करेगी।

# श्री गुरु नानक महाविद्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना हिंदी दिवस

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। महाविद्यालय में हिंदी दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या डॉ अमिता भटनागर ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा की महत्ता पर भाषण, कविता- पाठ , निबंध , चार्ट प्रस्तुत कर सभी को हिंदी की समृद्धि और विविधता से अवगत कराया। विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्या ने अपने उद्बोधन में हिंदी भाषा की आवश्यकता और उसके प्रचार-प्रसार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल भाषा ही नहीं बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान है। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी को सम्मान देने और जीवन में उसका अधिकाधिक प्रयोग करने का आह्वान किया।कार्यक्रम के अंत में प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए। पूरे समारोह में उत्साह और सांस्कृतिक वातावरण व्याप्त रहा। हिंदी दिवस के इस आयोजन ने विद्यार्थियों में भाषा के प्रति गर्व और प्रेरणा का संचार किया।कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन बी कॉम (ऑनर्स) की छात्रा रिंकू वर्मा के द्वारा दिया गया। कार्यक्रम का संचालन बीकॉम ऑनर्स की छात्रा बेबी राणा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक सहायक प्राध्यापक डॉ. मीनाक्षी रावत एवं श्रीमती शीतल रहे। इस कार्यक्रम में गौरव मिश्रा, आनंद राम मलकीत सिंह ,स.प्रा. प्रिया गुप्ता, संजय कुमार, स. प्रा० डॉ रूपाली सक्सेना, डॉ नाजिया बानो,डॉ. नवनीत कौर, तरूण कुमार, प्रकाश सिंह अधिकारी, कु० प्रियंका, श्रीमती सुरभी गौड़, उमेश राणा, कु. अदिति, श्रीमती सर्वजीत कौर ,अनुज हालदार, भावना, राधेश्याम, दुर्गेश कुमार ,परमानन्द, श्रीमती गंगा, श्रीमती कमला एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।





Guru Maa Advanced
DENTAL CLINIC
FIRST TIME IN UTTARAKHAND
-A COMPLETE SETUP OF DIGITAL DENTISTRY
CBCT 3D RAY
TRIPLE WAVELENGTH LASER
CAD/CAM
DIGITAL IMPRESSION
Dr. Aanchal Dhingra
BDS, MDS, ENDODONTIST
ROOT CANAL SPECIALIST
IMPLANTS SPECIALIST
RESTORATIVE AND COSMETIC DENTIST
Pain on Chewing
Bleeding Gums
Swollen Gums
Bad Breath
Shaking teeth
Do we need Crown
ROOT CANAL TREATMENT?
What are the alternatives of
DENTAL CROWNS?
Single Sitting RCT
Invisalign Teeth Aligner
Kids Friendly
What are VENEERS?
What are INVISALIGN?
What is SMILE DESIGNING?
What are GUIDED IMPLANTS?
What is painless RCT?
To Know More Visit us :
Plot No. 1, Civil Lines, Rudrapur
7452880018

# सीएम धामी ने किया स्वास्थ्य सेवाओं का 'रियलिटी चेक'

**मुख्यमंत्री ने अचानक देहरादून मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल पहुंचकर सभी को फिर चौंकाया,मरीजों के बीच पहुंच स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता एवं उपचार की गुणवत्ता पर लिया जनता का फीडबैक**

-अर्श-



देहरादून। अपने दूसरे कार्यकाल में उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की सबसे बड़ी खासियत यह निकलकर सामने आई है कि वे अपनी सरकार के कामकाज एवं सफलता-असफलता का आकलन करने के लिए नौकरशाहों और खुफिया तंत्र द्वारा दी गई रिपोर्ट पर बिल्कुल भरोसा नहीं करते हैं ,बल्कि वे अपनी सरकार के कामकाज और सरकारी योजनाओं की जनता तक पहुंच को ग्राउंड जीरो पर पहुंचकर स्वयं ही जांचते हैं। इस क्रम में मुख्यमंत्री अचानक ही राज्य के किसी भी गांव शहर अथवा किसी चलती सड़क पर अचानक ही आम आदमी की तरह जनसाधारण के बीच पहुंच जाते हैं और जनसाधारण से ही सरकार के कामकाज एवं जन सामान्य तक सरकारी योजनाओं की पहुंच का आकलन करते हैं। बीते शनिवार को मुख्यमंत्री धामी ने एक बार फिर बिल्कुल ऐसा ही किया। बताना होगा कि गुजरे शनिवार की शाम सीएम धामी बिना किसी पूर्व सूचना के देहरादून मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में जा धमके और अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं का पूरा पोस्टमार्टम कर डाला। इस दौरान मुख्यमंत्री ने समूचे राजकीय दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल का औचक निरीक्षण करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता, उपचार की गुणवत्ता सहित अन्य चिकित्सकीय व्यवस्थाओं का जायजा भी लिया। इस क्रम में उन्होंने मरीजों एवं उनके परिजनों से वार्ता कर अस्पताल की सुविधाओं का फीडबैक भी प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान, मुख्यमंत्री ने उपचाराधीन कई मरीजों से मुलाकात की, उनके स्वास्थ्य का हालचाल पूछा और अस्पताल द्वारा प्रदान की जा रही चिकित्सा सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही मरीजों और उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता का आकलन किया और आवश्यक निर्देश भी दिए। निरीक्षण के बीच मुख्यमंत्री अस्पताल के प्रतीक्षालय भी गए तथा अधिकारियों को मरीजों के साथ आने वाले तीमारदारों के लिए प्रतीक्षालय में उचित सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रतीक्षालय का निरीक्षण करते हुए, उन्होंने अधिकारियों को पेयजल, पंखे और बैठने की पर्याप्त व्यवस्था करने को कहा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि तीमारदार अस्पताल व्यवस्था का अभिन्न अंग हैं और उन्हें मानसिक रूप से सहज रहने में मदद करने के लिए बुनियादी सुविधाएं प्रदान की जानी चाहिए ।मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि मरीजों के तीमारदारों का आराम और सम्मान भी राज्य सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने जोर देकर कहा कि सरकारी अस्पतालों में लोगों को सर्वोत्तम संभव सेवाएँ प्रदान करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने निरीक्षण के दौरान अस्पताल की स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया और अस्पताल परिसर में आवश्यक साफ-सफाई, नियमित सैनिटाइजेशन और रंग-रोगन/ रखरखाव का कार्य तत्काल करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि अस्पताल न केवल चिकित्सा का स्थान है, बल्कि मरीजों और उनके परिजनों को भावनात्मक और शारीरिक संबल भी प्रदान करता है, इसलिए स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और उचित रखरखाव अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## अटल आयुष्मान योजना हेल्प डेस्क का भी लिया जायजा

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजकीय दून मेडिकल कॉलेज चिकित्सालय के निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में स्थापित अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना हेल्प डेस्क का भी जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने हेल्प डेस्क पर तैनात कर्मचारियों से योजना की कार्यप्रणाली, लाभार्थियों को दी जा रही सहायता, कार्ड बनाने की प्रक्रिया, मरीजों के क्लेम की स्थिति तथा जनसामान्य को प्रदान की जा रही सुविधा संबंधी जानकारी प्राप्त की। उन्होंने मौके पर उपस्थित लाभार्थियों से भी बातचीत कर उनके अनुभव सुने तथा हेल्प डेस्क की कार्यक्षमता की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अटल आयुष्मान योजना का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि हेल्प डेस्क पर आने वाले हर व्यक्ति को सरल, स्पष्ट और त्वरित जानकारी मिलनी चाहिए, जिससे उन्हें योजना से जुड़ने और लाभ प्राप्त करने में कोई असुविधा न हो। मुख्यमंत्री श्री धामी ने यह भी कहा कि राज्य सरकार की यह महत्वाकांक्षी योजना गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए संजीवनी के समान है और इसकी प्रभावी क्रियान्वयन व्यवस्था के लिए सभी संबंधित विभागों को सजग एवं सक्रिय रहना होगा।निरीक्षण के दौरान अपर सचिव श्री बंशीधर तिवारी, चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ चिकित्सकगण, प्रशासनिक अधिकारीगण एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।







# दुर्गा मंदिर में सौंदर्यीकरण कार्य का विधायक ने किया लोकार्पण



रुद्रपुर।विधायक शिव अरोरा ने शुक्रवार को आदर्श इंद्रा बंगाली कॉलोनी स्थित दुर्गा मंदिर में विधायक निधि से स्वीकृत सौंदर्यकरण कार्य का नारियल फोड़कर लोकार्पण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवी मौजूद रहे। विधायक शिव अरोरा ने कहा कि दुर्गा मंदिर क्षेत्र में लंबे समय से सौंदर्यीकरण कार्य की मांग की जा रही थी। यह स्थल धार्मिक और सामाजिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है,जहाँ वर्षभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होते हैं। उन्होंने बताया कि इस कार्य को विधायक निधि के माध्यम से स्वीकृत कर शीघ्रता से पूर्ण कराया गया है। विधायक ने कहा कि वे लगातार क्षेत्र के दौरे कर रहे हैं और एक के बाद एक विकास कार्यों को जनता को समर्पित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि बरसात थमते ही कई बड़े निर्माण कार्य, विशेष रूप से सड़कों का निर्माण, शुरू किया जाएगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि दशहरा से पहले मुख्य बाजार की सड़कें पूरी तरह बनकर तैयार हो जाएंगी। विधायक अरोरा ने बताया कि महतोष-मानूनगर मार्ग, जो लंबे समय से जर्जर हालत में था, उसका टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है और जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश की विकास योजनाओं को नई रफ्तार मिली है और अब योजनाओं का लाभ आखिरी पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक ने कहा कि जनता ने अब यह महसूस करना शुरू कर दिया है कि जो वादा किया जाता है, वह धरातल पर पूरा भी होता है। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर तंज कसते हुए कहा कि अब झूठी घोषणाओं का दौर समाप्त हो चुका है और जनता का विश्वास फिर से बहाल हुआ है। पार्षद सरो राय, गोविन्द राय, डॉ. ईश्वर मलिक, गणेश सरकार, रंजीत मिस्त्री, परिमल राय, निर्मल हलदार, ककन मिस्त्री, रेनू जुनेजा, सुकांत कुमार, सरोज राय, गुंधर गुह, सुशांत हलदार, डंम्पी चोपड़ा, मयंक कक्कड़, सतनाम सिंह, अनमोल विर्क,मोहित चड्ढा, किशन राय,पवित्र राय, विश्वजीत मजूमदार, पंकज राय, शंकर सरकार, प्रेम सरकार, विकास मंडल, श्याम सरकार, सुनील राय, गोपाल मजूमदार, सुजीत हलदार, जीतेन्द्र राय, अशोक राय, विष्णु, मुकेश मालाकार,सचिन राय आदि उपस्थित रहे।

# पोस्टमार्टम हाऊस कर्मी पर किया जानलेवा हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। पत्नी से गालीगलौच करने से मना करने पर मौहल्ला भूतबंगला में कुछ लोगों ने यहां के निवासी पोस्टमार्टम हाऊस कर्मी पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिस पर उसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। मामले की जानकारी पुलिस को दे दी गई है। बताया जाता है कि शुक्रवार की रात्रि मौहल्ला भूतबंगला निवासी पोस्टमार्टम हाऊस कर्मी मनीष कुमार पुत्र महेश कुमार की पत्नी को पड़ोस में ही रहने वाला एक युवक गाली दे रहा था। इसकी जानकारी मिलने पर जब मनीष घर आया और उसने उस युवक को समझाने की कोशिश की तो युवक के भाई व अन्य परिजनों ने मनीष पर ईट पत्थरों से जानलेवा हमला कर दिया। जिससे मनीष सिर व अन्य अंगों पर गंभीर चोटें आ गई। मनीष को लहूलुहान हालत में छोड़ हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से चले गये। मामले की सूचना मिलने पर पुलिसकर्मी भी वहां पर आ गये। घायल मनीष को गंभीर हालत में उपचार के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया गया। जहां उसके सिर में कई टांके लगाये गये। उसकी हालत में अब सुधार बताया जा रहा है।



# जसपाल बने देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ट्रांसपोर्ट नगर अध्यक्ष

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सर्वसम्मति से जसपाल सिंह कोहली को देवभूमि उद्योग व्यापार मंडल ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी संगठन का नया अध्यक्ष चुन लिया गया। उनके नाम का प्रस्ताव यातायात नगर प्रभारी आफताब हुसैन एवं कुमाऊं मंडल प्रवक्ता हरजीत सिंह चड्ढा ने प्रदेश अध्यक्ष हुकुम सिंह कुंवर को दिया, जिसे संगठन ने सर्वसम्मति से पारित कर घोषित किया। जसपाल सिंह कोहली ने अध्यक्ष चुने जाने पर संगठन का आभार जताते हुए कहा कि वे ट्रांसपोर्ट नगर के सभी जनहित मुद्दों पर तत्परता से कार्य करेंगे और व्यापारियों के हितों के लिए संघर्षरत रहेंगे। उनके अध्यक्ष बनने पर ट्रांसपोर्ट नगर में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर विक्की सेठी, दया किशन शर्मा, प्रीतपाल सिंह, सुरेंद्र पाल सिंह कोहली, राजकुमार सिंह नेगी, सोनी सब्बरवाल, देव भूमि ट्रक ओनर महासंघ अध्यक्ष राकेश जोशी, उमेश चंद्र पांडे, भाजपा नेता अनिल डब्बू, प्रकाश रावत, डीएस रावत, जसविंद्र सिंह आनंद, चरणजीत सिंह बिंद्रा, दिलप्रीत सिंह बिंद्रा, राजेंद्र अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, हरजीत सिंह चड्ढा समेत अनेक लोग मौजूद रहे।



# किच्छा फायर बिग्रेड स्टेशन हेतु 4 करोड़ की मिली वित्तीय स्वीकृति

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड़ ने बताया कि पूर्व में उनके द्वारा किच्छा विधानसभा की भेजी गई 10 महत्वपूर्ण योजनाओं में से एक योजना किच्छा में फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना की थी जिस हेतु भूमि पहले से चयनित कर ली गई थी तथा इस संबंध में वर्ल्ड बैंक द्वारा पोषित आगामी योजना न-चतमचंतम के अंतर्गत उत्तराखंड अग्निशमन एवं आपात सेवा हेतु किच्छा में नए फायर ब्रिगेड स्टेशन के भवन की स्थापना हेतु 4 करोड रुपए की स्वीकृति महा निरीक्षक अग्निशमन एवं आवास सेवा देहरादून को प्राप्त हो गई है तथा 3 माह के अंदर इस भवन का निर्माण आरम्भ हो जाएगा द्य भवन निर्माण के पश्चात पद सर्जित किये जाने तथा अग्निशमन यंत्रो का क्रय किये जाने की



कार्यवाही अग्निशमन विभाग द्वारा की जाएगी।विधायक बेहड ने कहा कि निरंतर विधानसभा की आबादी तथा क्षेत्रफल बढता जा रहा है तथा किच्छा शहर के साथ अनेको गाँवों के साथ पंतनगर तथा लालपुर जैसी नगर पंचायते भी मेरी विधानसभा के अन्तर्गत आती है तथा किच्छा शहर में भी कुछ इलाको में बहुत घनी आबादी वाले क्षेत्र है, इन सभी स्थानों में आगजनी जैसी दुर्घटना होने पर साथ की विधानसभा रुद्रपुर में फायर बिग्रेड को सूचना दी जाती है जो की 15 किलोमीटर की दूरी पर है तथा वह से फायर बिग्रेड आने में कम से कम 20-25 मिनट का समय लग जाता है जिससे दुर्घटना वाले स्थान पर जान माल का जोखिम बड़ जाता है इस स्वीकृति के बाद किच्छा में नए फायर ब्रिगेड स्टेशन की स्थापना हेतु कार्य शीघ्र प्रारंभ हो जाएगा तथा आगजनी आदि आपातकाल दुर्घटना घटित होने पर किच्छा तथा आसपास के क्षेत्र को एक बहुत बड़ी राहत मिलेगी, जिससे आगजनी आदि दुर्घटनायें घटित होने पर इनको मौके पर रोकने पर मदद प्राप्त होगी तथा क्षेत्रवासियों को बहुत बड़ी राहत मिलेगी।

## उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# न्याय की जिम्मेदारी

किसी भी मौके पर जब पुलिस के हस्तक्षेप की जरूरत पड़ती है, तब उम्मीद की जाती है कि वह बिना किसी भेदभाव के, पक्षपात किए या दबाव में आए बगैर पीड़ित पक्ष के हक में अपने अधिकारों का उपयोग करेगी। इस क्रम में किसी भी हाल में उसके ऊपर धर्म या जाति से जुड़े आग्रह हावी नहीं होंगे और वह सिर्फ न्याय सुनिश्चित करने के लिए काम करेगी। मगर इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि पुलिस महकमे से जुड़े लोग कई बार अपने अधिकारों का बेजा इस्तेमाल करने से नहीं हिचकते।ऐसे मामले अक्सर सामने आते रहे हैं, जिनमें पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे या किसी खास तबके या समूह के खिलाफ पक्षपात करने के आरोप भी लगे। जबकि कानून की वर्दी पहनने के साथ ही व्यक्ति एक दायित्व से बंध जाता है कि उसे हर हाल में न्याय के पक्ष में खड़ा होना है और पीड़ितों को इंसाफ दिलाने में कानून की सीमा में सभी स्तर पर सहयोग करना है। अफसोस की बात है कि इस तरह के जिन दायित्वों को याद रखना खुद पुलिस महकमे और उससे जुड़े लोगों की अपनी जिम्मेदारी होनी चाहिए, उसके लिए कई बार अदालतों को हस्तक्षेप करना और याद दिलाना पड़ता है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र के अकोला में 2023 में हुए दंगे के एक मामले की सुनवाई के दौरान गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में पुलिस को नसीहत दी कि निष्पक्षता ही उसका असली दायित्व है। अदालत ने कहा कि जब एक बार कोई व्यक्ति पुलिस की वर्दी पहन लेता है, तो उसे अपने निजी झुकाव, धर्म, जाति या किसी अन्य प्रकार के पूर्वाग्रह से ऊपर उठ कर कानून के मुताबिक अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उसे अपने पद और अपनी वर्दी से जुड़े कर्तव्य के प्रति पूरी निष्ठा और ईमानदारी से काम करना चाहिए। हालांकि ये अपेक्षाएं पुलिस महकमे से जुड़े किसी भी अधिकारी-कर्मचारी के काम करने और सोचने के तरीके में बिना किसी अतिरिक्त प्रयास के शामिल होनी चाहिए, निष्पक्षता और न्याय के पक्ष में काम करना उसके व्यक्तित्व और विचार का स्वाभाविक हिस्सा होना चाहिए। मगर पहले तो किसी आम नागरिक के सामने पुलिस पर अपने खिलाफ पूर्वाग्रह बरतने और पक्षपात करने का आरोप लगाने की नौबत आती है, फिर शीर्ष अदालत को यह बताना पड़ता है कि पुलिस का काम किसी धर्म या जाति पर आधारित भेदभाव के बिना कानून के मुताबिक निष्पक्ष जांच करना है।

# खबर का असर : डीडी चौक से लेकर बड़ौदा बैंक तक क्षतिग्रस्त डिवाइडर की मरम्मत शुरू

किच्छा(उद संवाददाता)। शहर के व्यस्ततम मार्ग रुद्रपुर किच्छा के डीडी चौक से लेकर बड़ौदा बैंक तक बने क्षतिग्रस्त डिवाइडर अब आखिरकार मरम्मत के दौर से गुजरने लगे हैं। लंबे समय से जर्जर हालत में पड़े इन डिवाइडरों के कारण आए दिन सड़क दुर्घटनाएं हो रही थीं। छोटे वाहन चालक और पैदल यात्री तक अक्सर इन डिवाइडरों से टकराकर घायल हो जाते थे। क्षेत्रवासियों और व्यापारियों ने बार-बार इसकी शिकायत की, लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते लंबे समय तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। हालांकि, उत्तरांचल दर्पण ने इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया और लगातार खबरें प्रकाशित कर जनहित का सवाल प्रशासन तक पहुँचाया। खबर का असर यह हुआ कि लोक निर्माण विभाग की नींद टूटी और अब मरम्मत कार्य शुरू कर दिया गया है।मरम्मत कार्य के तहत डिवाइडर की टूटी दीवारों को ठीक किया जा रहा है। साथ ही डिवाइडर पर रंग-रोगन करने की योजना है ताकि रात के समय वाहनों को स्पष्ट रूप से दिखाई दे सके। अधिकारियों ने बताया कि डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर भी लगाए जाएंगे जिससे दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। नगरवासियों का मानना है कि यदि यह कार्य समय पर हो जाता तो कई सड़क हादसों को टाला जा सकता था।इस पूरे मामले में देवभूमि व्यापार मंडल का रुख भी बेहद सख्त रहा। व्यापार मंडल अध्यक्ष विजय अरोड़ा और महामंत्री नितिन फुटेला ने चेतावनी दी थी कि यदि विभाग ने समय रहते कार्रवाई नहीं की तो वे आंदोलन करने को मजबूर होंगे। व्यापारियों के इस दबाव और मीडिया के लगातार फॉलो-अप के चलते विभाग को हरकत में आना पड़ा।डीडी चौक से लेकर बड़ौदा बैंक तक का यह मार्ग नगर का मुख्य बाजार क्षेत्र है और दिनभर यहां भारी यातायात रहता है। छोटे बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक के लिए सड़क पार करना यहां मुश्किल हो गया था। आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं से व्यापारी और आमजन दोनों परेशान थे। अब जब मरम्मत कार्य शुरू हुआ है तो लोगों ने राहत की सांस ली है।स्थानीय लोगों ने उत्तरांचल दर्पण का आभार जताते हुए कहा कि यदि अखबार इस मुद्दे को प्रमुखता से न उठाता तो शायद विभाग की उदासीनता और लंबी खिंच जाती।




हिन्दी सान्ध्य दैनिक 'उत्तरांचल दर्पण'

देर रात डिवाइडर से टकराई एंबुलेंस,बड़ा हादसा टला

वहीं, लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि मरम्मत कार्य जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा और मार्ग को पूरी तरह सुरक्षित बनाया जाएगा। साफ है कि जब जनसमस्याओं को लेकर समाज,मीडिया और व्यापारी एकजुट होते हैं तो असर जरूर दिखाई देता है। खबर प्रकाशित होने के बाद डीडी चौक से बड़ौदा बैंक तक डिवाइडर मरम्मत का यह कार्य इसका ताजा उदाहरण है।

# हल्द्वानी में 18 सितम्बर से होगा कुमाऊं की सबसे प्राचीन श्री रामलीला का शुभारंभ

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। कुमाऊं अंचल की सबसे प्राचीन और गौरवशाली रामलीला, जिसका इतिहास लगभग 150 वर्षों से भी अधिक पुराना है, इस वर्ष 18 सितम्बर से श्री रामलीला मैदान, हल्द्वानी में आरंभ होने जा रही है। ब्रिटिश काल से चली आ रही इस अलौकिक रामलीला ने न केवल धार्मिक परंपराओं को जीवित रखा है, बल्कि हल्द्वानी के रंगमंचीय और सांस्कृतिक इतिहास को भी समृद्ध किया है। इस ऐतिहासिक रामलीला का गौरवशाली अतीत अनेक समर्पित रंगकर्मियों और विद्वानों की तपस्या का परिणाम है। वर्तमान में रामलीला के व्यास पीठ पर आसीन आचार्य गोपाल दत्त शास्त्री कभी इसी लीला में भगवान श्रीराम का किरदार निभा चुके हैं। उनके साथ-साथ पं. श्यामसुंदर शर्मा, पं. गुरुदेव वशिष्ठ, अरविंद अग्रवाल, टण्डन गुरु, और पप्पू पंडित जैसे अनेक प्रतिष्ठित नाम इस सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत बनाए रखने में वर्षों से संलग्न रहे हैं। इनकी प्रस्तुतियों को देखने के लिए दूर-दराज से



दर्शक आया करते थे। आज जबकि रामलीलाओं का मंचन देशभर में होता है, हल्द्वानी की रामलीला की विशेषता यह है कि यहां दिन की लीला भी होती है, जो अपने आप में एक अद्वितीय परंपरा है। इस परंपरा का रोमांच आज भी उतना ही जीवंत है जितना दशकों पहले हुआ करता था। इस वर्ष भी श्री रामलीला संचालन समिति ने रामलीला 2025 की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। बीते दिनों रामलीला मैदान में हनुमत ध्वज की स्थापना के साथ विधिवत शुभारंभ हो चुका है। समिति के वरिष्ठ सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल ने बताया कि 18 सितम्बर से दिन की लीला, जबकि 22 सितम्बर से रात्रि लीला का शुभारंभ किया जाएगा। रामलीला के लिए भव्य व्यास मंच तैयार हो चुका है। साथ ही शंभू बाबा के निर्देशन में पुतला निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है, जिनमें स्वर्ण लंका, स्वर्ण हिरण, जटायु, रावण, कुंभकरण, मेघनाथ, ताड़का और खर-दूषण प्रमुख हैं। रंगारंग आतिशबाजी की भी विशेष व्यवस्था की जा रही है। व्यास मंच के संचालक अतुल अग्रवाल ने बताया कि इस वर्ष सभी पात्रों के लिए नई पोशाकें और मुकुट आदि की खरीदारी भी चल रही है। दिन की लीला के पात्रों का चयन समिति के वरिष्ठ सदस्यों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। 22 सितम्बर को श्रीराम विवाह एवं बारात का आयोजन भी पारंपरिक भव्यता के साथ किया जाएगा, जिसकी जिम्मेदारी प्राचीन श्री शिव सेवा समिति द्वारा निभाई जा रही है। वहीं, रात्रि लीला के संयोजक राजेन्द्र मुन्ना ने बताया कि इस वर्ष रात्रि मंचन का सौभाग्य श्री राधा रानी आदर्श रामलीला मंडल, बरसाना (मथुरा) को प्राप्त हुआ है, जो अपनी विशिष्ट प्रस्तुति के लिए देशभर में प्रसिद्ध है।

# टीईटी के संबंध में शिक्षकों ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

गदरपुर(उद संवाददाता)। जूनियर शिक्षक संघ गदरपुर के सभी पदाधिकारी माननीय विधायक अरविंद पांडे के आवास पर उनसे मिले और टी ई टी के संबंध में एक ज्ञापन दिया तथा कहा, टीईटी की अनिवार्यता के सम्बन्ध में सरकार शिक्षकों के हित में उचित निर्णय ले तथा जूनियर शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने विधायक जी को अपना एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें गदरपुर में जूनियर शिक्षक संघ के लिए एक शिक्षक



भवन बनाने की मांग की गई ,जिस पर विधायक जी ने अपनी पूर्ण सहमति जताई कि वह इसके लिए शीघ्र प्रयास करेंगे कि गदरपुर में एक शिक्षक भवन का निर्माण हो विधायक जी द्वारा सहमति जताने पर जूनियर शिक्षक संघ ने धन्यवाद प्रेषित किया तथा जूनियर शिक्षकों के साथ अध्यक्ष अमर जीत बजाज, मंत्री विरेंद्र वर्मा व कोषाध्यक्ष अनिल त्रिपाठी तथा अन्य साथी भी साथ में उपस्थित थे ।

# क्रीड़ा प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। राजकीय इंटर कॉलेज शक्तिफार्म के मैदान में आयोजित प्रारम्भिक शिक्षा की क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन बच्चों का उत्साह देखने लायक रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ ग्रीन वर्ल्ड पब्लिक स्कूल के प्रबंधक नवीन जोशी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर न्याय पंचायत क्षेत्र के लगभग 500 बच्चों ने विभिन्न खेलों में दमखम दिखाया।व्यक्तिगत एथलेटिक स्पर्धाओं में ग्रीनवर्ल्ड पब्लिक स्कूल के विराट मेवाड़ी ने 200 मीटर, 400 मीटर दौड़ और लंबी कूद में शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं प्राथमिक बालक वर्ग की 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में अक्षय यादव ने बाजी मारी। कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता में न्यू ज्ञान दीप जूनियर हाईस्कूल की टीमों ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया।बालिका वर्ग में भी खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। 50 मीटर दौड़ में शिवानी, 100 और 200 मीटर में प्रतिभा, लंबी कूद में प्रियांशी गुप्ता तथा 400 मीटर दौड़ में सोनाली जोद्दार ने पहला स्थान प्राप्त किया। बालिका वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में न्यू ज्ञान दीप जूनियर हाईस्कूल और राजकीय प्राथमिक विद्यालय तिलियापुर की टीम विजेता रही।निर्णायक मंडल में राजेश कुमार, मुनीश सक्सेना, राम माली, धनंजय, सच्चिदानंद, समीर साना, दीपा तिवारी, मुबीना, सुजीता राय और प्रकाश बोरा शामिल रहे। प्रतियोगिता का संचालन ब्लॉक खेल समन्वयक निर्मल सरकार ने किया, जबकि पंकज राय ने उद्घोषणा तथा राम जनम चौहान, संजीव दास और अनिल श्रेष्ठ ने अभिलेखन में सहयोग दिया। प्रतियोगिता की व्यक्तिगत व टीम स्पर्धाओं में अव्वल खिलाड़ियों का चयन विकास खंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए किया है। बच्चों के उत्साह और प्रदर्शन ने साबित कर दिया कि ग्रामीण अंचलों में भी खेल प्रतिभा की कोई कमी नहीं है।



# रजविन्दर सिंह वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद ने नकुलिया गांव के युवा नेता रजविन्दर सिंह को अपना ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया है। वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह 'विकल' ने बताया कि विकास खंड के नकुलिया गांव निवासी रजविन्दर सिंह को सितारगंज ब्लॉक का अध्यक्ष मनोनीत किया है। यह नियुक्ति जिलाध्यक्ष की संस्तुति पर की गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को निर्देशित किया गया है कि ब्लॉक की कार्यकारिणी गठन के साथ ही सभी गांवों में परिषद गठन का कार्य कर संगठन विस्तार करेंगे। इधर रजविन्दर सिंह के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष सिमरजीत सिंह, महामंत्री विनीत कुमार, जिला संयोजक दीप नारायण सिंह, ओम प्रकाश, आकाश सिंह आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी है।



# युवाओं का नशे के खिलाफ बिगुल, पुलिस चौकी पहुंचकर कार्रवाई की मांग

शक्तिफार्म। उत्तराखंड का शक्तिफार्म कस्बा इन दिनों एक खतरनाक सामाजिक संकट से जूझ रहा है। नशे की लत ने यहां के युवाओं को बुरी तरह जकड़ लिया है। कई घर तबाह हो चुके हैं, अनेक नौजवान असमय मौत के शिकार बन गए हैं और पूरे समाज पर इसका भयावह असर देखा जा रहा है। अब इसी खतरे के खिलाफ आवाज खुद युवाओं ने आवाज उठाई है। शनिवार को कस्बे के दर्जनों जागरूक युवा शक्तिफार्म चौकी पहुंचे और पुलिस को ज्ञापन सौंपकर इलाके में नशे के अवैध कारोबार पर सख्त कार्रवाई की मांग की। युवाओं ने कहा कि यह सिर्फ एक अवैध व्यापार नहीं, बल्कि मौत का सौदा है, जिसने अनगिनत परिवारों से उनकी खुशियां छीन ली हैं। युवाओं का कहना है कि अब हालात बर्दाश्त से बाहर हो चुके हैं। विद्यालय और कॉलेजों के छात्र तक नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, जिससे न सिर्फ शैक्षणिक माहौल बिगड़ रहा है, बल्कि क्षेत्र में अपराध, घरेलू हिंसा और सामाजिक विघटन भी बढ़ा है। कच्ची शराब, स्मैक और अन्य नशीले पदार्थों की बेखौफ तस्करी ने समाज की जड़ों को हिलाकर रख दिया है। ज्ञापन सौंपने पहुंचे युवाओं ने दो टूक कहा अब वक्त आ गया है कि पुलिस, प्रशासन और समाज एकजुट होकर इस जहर के खिलाफ खड़े हों। अगर समय रहते कठोर कदम नहीं उठाए गए, तो पूरी एक पीढ़ी नष्ट हो जाएगी। युवाओं ने इस मौके पर नशामुक्ति अभियान शुरू करने की घोषणा भी की। उन्होंने कहा कि वे घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे, नशे के खिलाफ रैलियां निकालेंगे और हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। इस दौरान गुड्डू सिंह, रोहित शंखबनिक, अमित विश्वास, राजा हालदार, राजेश ढाली, विशाल राय, राजेश कुमार, अर्जुन मल्लिक, मुन्नाजीत सहित कई स्थानीय युवा शामिल रहे। उनका कहना है कि यदि कार्रवाई नहीं हुई, तो विरोध और तेज किया जाएगा।



# अनाज मंडी में रामलीला मंचन के लिए श्री राम ध्वज की स्थापना

गदरपुर(उद संवाददाता)। सम्मानित धर्मप्रेमी जनता के सहयोग से 20 सितंबर से आयोजित की जाने वाली श्रीरामलीला कार्यक्रम मंचन से पूर्व श्री राम ध्वज यात्रा का आयोजन किया गया। श्री राम ध्वज यात्रा दिनाँक 14 सितंबर दिन रविवार प्रात: 8:30 बजे श्री सतीमठ मंदिर सकैनिया मोड़ से प्रारम्भ होकर मुख्य बाजार, पुरातन सनातन धर्म मन्दिर एवं सनातन धर्म मन्दिर बुध बाजार पर पहुंचने पर सनातन धर्म मंदिर के अध्यक्ष राजकुमार भुड्डी ने स्वागत करते हुए सम्मान पूर्वक श्री राम जी का जयकारा लगाया तत्पश्चात रामलीला भवन अनाज मंडी पहुंची। श्री राम ध्वज के साथ ढोल नगाड़ों की धुन के बीच श्री राम रामलीला भवन अनाज मंडी पर ध्वज स्थापना के पश्चात् सूक्ष्म जलपान का वितरण किया गया। इस मौके पर श्री रामलीला कमेटी अध्यक्ष रविंद्र बजाज, महामंत्री अशोक धीर, कोषाध्यक्ष किशन अनेजा, राजकुमार भुड्डी, लेखराज भुड्डी, सोमनाथ छाबड़ा, कृष्णा बत्रा, विजय छाबड़ा टीकम खेड़ा, अनिल सुधा, जगमोहन बजाज, कृष्ण सुधा, अशोक हुड़िया, सतीश छाबड़ा, निर्मल नारंग, अशोक पोपली, अशोक भुड्डी, विशू अरोड़ा, अशोक सुधा, कपिल चावला, रोहित पोपली, पारस धवन, अंकुर चावला, अनमोल भुड्डी, नीरज गुंबर, गुलशन शर्मा सहित तमाम श्रद्धालु शामिल रहे।



# आर.ए.एन.किड्स में मची हिंदी दिवस की धूम

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। आर.ए.एन. किड्स स्कूल के प्रांगण में कक्षा 2 का हिंदी दिवस "हिंदी - एकता और सांस्कृतिक गौरव की वैश्विक आवाज" बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एच. के. राय सर, विशेष अतिथि श्रीमती लीना काण्डपाल, प्रधानाचार्या भूरारानी ब्रांच श्रीमती भावना भनोट एवं एडवाइजर श्रीमती रेखा कर्नाटक द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। सर्वप्रथम विद्यालय की हैड मिस्ट्रेस श्रीमती गरिमा घई ने सभी अतिथियों व माता-पिता का स्वागत किया। कक्षा 2 के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने गणेश वंदना, योगा-करो योग रहो निरोग, प्राकृतिक खाद्यान अपनाओ, उपमन्यु की कहानी (नाट्य मंचन), शास्त्रीय नृत्य, महाभारत की प्रस्तुति (नृत्य), हिंदी दिवस की धूम इन्धनुषीय रंग के रंग आदि प्रस्तुत कर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालय के चेयरमैन विंग कमांडर एच. के. राय सर ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में माता-पिता के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया तथा उपहार प्रदान किए गए। विद्यालय की एडवाइजर श्रीमती रेखा कर्नाटक ने हिंदी दिवस पर अपने विचार प्रकट किए। समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कांडपाल ने विद्यार्थियों के प्रयास को बहुत सराहा। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती भनोट ने सबका आभार व्यक्त किया। अंत में प्रधानाचार्या श्रीमती भनोट ने सबका आभार व्यक्त किया



# पुलिसकर्मियों का हुआ रूटीन मेडिकल चेकअप

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कोतवाली किच्छा में तैनात सभी पुलिसकर्मियों का रूटीन मेडिकल चेकअप आयोजित किया गया। इस जांच शिविर का आयोजन हेल्दी मिशन इंडिया के तत्वावधान में चंदन डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा किया गया। शिविर के दौरान पुलिसकर्मियों का शुगर, ब्लड प्रेशर, कोलेस्ट्रॉल समेत अन्य कई तरह के स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण किए गए। साथ ही सभी का फुल बॉडी चेकअप भी किया गया। मेडिकल जांच में सेंटर के तमाम विशेषज्ञ डॉक्टर और तकनीकी कर्मचारी मौजूद रहे जिन्होंने पुलिसकर्मियों की स्वास्थ्य जांच की और आवश्यक परामर्श भी दिया। पुलिसकर्मियों ने इस तरह की पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान भागदौड़ और अनियमित जीवनशैली के कारण अक्सर स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दे पाते। ऐसे में रूटीन चेकअप से न सिर्फ समय पर रोगों की पहचान होती है बल्कि स्वस्थ रहने के लिए सही दिशा-निर्देश भी मिलते हैं। कोतवाली प्रभारी धीरेंद्र कुमार ने बताया कि यह चेकअप पूरी तरह से रूटीन प्रक्रिया का हिस्सा है। पुलिसकर्मियों पर दिन-रात काम का दबाव रहता है, जिसके चलते उनका स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए समय- समय पर स्वास्थ्य जांच आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इस तरह के शिविर नियमित अंतराल पर आयोजित किए जाएंगे ताकि हर पुलिसकर्मी स्वस्थ और फिट रह सके। हेल्दी मिशन इंडिया के प्रतिनिधियों ने भी कहा कि पुलिसकर्मी समाज की सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसलिए उनका स्वस्थ रहना बेहद जरूरी है।



# पत्रकार जड़ौत के पिता के निधन पर शोक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। वरिष्ठ पत्रकार रमेश जड़ौत के पिता के निधन पर पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल और अल्मोड़ा विधायक मनोज तिवारी ने दुख प्रकट किया। मंगलवार को दोनों नेताओं ने मृतक के आवास पहुंच अपनी शोक संवेदना प्रकट की।



यहां एसएसजे परिसर के कुलानुशासक डॉ. दीपक साह, गोपाल सिंह चौहान, दीवान सतवाल, गोविंद सिंह सतवाल, चंदन सिंह बोरा, नरेंद्र सिंह सतवाल, रामपाल सिंह मलवाल, दरवान सिंह रावत, चंदन सिंह मेहरा, इन्द्र सिंह जड़ौत, नवल, देवेन्द्र धामी, कैलाश छिमवाल, रणजीत सिंह बिष्ट आदि ने शोक जताया।

# बस यात्री बना जहरखुरानों का शिकार

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। करीब एक पखवाड़ा पूर्व दिल्ली से लौट रहे यात्री को रोडवेज बस में बेहोश कर उसका मोबाईल, पर्स, एटीएम कार्ड व लेपटॉप आदि लूट लिए जाने और बाद में उसके बैंक खाते से हजारों रुपए निकाल लेने की घटना की कोतवाली में रपट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार आवास विकास निवासी सुमित यादव दिल्ली में प्राइवेट जॉब करता है। बीती 29 अगस्त की देर रात करीब 2.30 बजे वह दिल्ली से हल्द्वानी डिपो की बस में लौट रहा था। रोडवेज बस में दो युवक भी सवार हुए थे। सुमित का कहना है कि इसी बीच इन युवकों ने उसे चिप्स व चाकलेट वाला बिस्किट खाने को दिया। उस समय वह नोएडा सेक्टर-62 का मेन चौराहा पार कर चुके थे। इसके बाद वह बेहोश हो गया। अगले दिन बस हल्द्वानी पहुंचने पर वह उठा तो देखा कि उसका पर्स गायब है। उसमें एटीएम कार्ड, नेट डिवाइस, ड्राइविंग लाइसेंस, वाहन की आरसी, 1500 रुपये नकदी रखी थी। रोडवेज के परिचालक ने बताया कि दो युवक मुरादाबाद का टिकट लेकर चढ़े थे लेकिन गजरौला में ही उतर गए। इसके बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि उनका काम पड़ गया है अब वह वापस लौटेंगे।

# मारपीट के मामले में महिला समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र के ग्रामीण ने एक महिला समेत तीन युगों पर घर में घसीट कर पिटाई करने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है, पुलिस ने मारपीट के मामले में 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पुरनगढ़ नोगजा थाना नानकमत्ता निवासी सुखविंदर सिंह पुत्र सुरजीत सिंह ने थाने में दी तहरीर में आरोप लगाया है कि 8 सितंबर को अपनी कार को धुलाई के लिए खटीमा रोड नानकमत्ता में दी थी। आरोप है कि जब वह अपनी कार लेने गया तो वहां उसके साथ जमुना कौर पत्नी गुरमीत सिंह निवासी सिद्धा थाना नानकमत्ता के प्रिंस व अमन सिंह, लखविंदर सिंह समेत एक अन्य ने उसके साथ मारपीट कर दी। यह भी आरोप है कि उसे खींचकर अपने घर में ले गए और जहां उसके साथ फिर मारपीट की गई। बड़ी मुश्किल से उसने अपनी जान बचाई, साथ ही आरोप है की पिटाई करने के बाद उसे जान से मारने की धमकी भी देने का आरोप है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामला दर्ज करते हुए आरोप की जांच शुरू कर दी है।

## पेज एक का शेष...

**देशविरोधियों की रक्षक...**लाएंगे। इन परियोजनाओं पर करीब 570 करोड़ रुपये का निवेश होगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए कहा ये कांग्रेस वाले मुझे कितनी भी गालियां दें, मैं भगवान शिव का भक्त हूं, सारा जहर पी जाता हूं। लेकिन जब भूपेन दा जैसे देश के गौरव का अपमान होता है, तो वह बर्दाश्त नहीं होता। बताइए, क्या उन्हें भारत रत्न देने का मेरा फैसला सही नहीं था? मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा सिर्फ वोट बैंक बचाना है। देशहित कांग्रेस की प्राथमिकता कभी नहीं रही। वह कभी घुसपैठ को बढ़ावा देती थी और अब चाहती है कि यही घुसपैठिए देश का भविष्य तय करें। कांग्रेस अब देशविरोधियों की रक्षक बन चुकी है। प्रधानमंत्री ने 1,200 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले नरेंगी-कुरुवा पुल, और 4,530 करोड़ रुपये की गुवाहाटी रिंग रोड परियोजना का शिलान्यास किया। यह रिंग रोड कामरूप, दरांग और मेघालय के री भोई जिले को आपस में जोड़ेगी। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने गोलाघाट जिले के नुमालीगढ़ रिफाइनरी में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से बने बांस आधारित एथेनॉल संयंत्र और 7,230 करोड़ रुपये की लागत से बनी पेट्रो फ्लुइडाइज्ड कैटेलिटिक क्रैकर इकाई का भी किया।

**भूमि पूजन के साथ...**चरित्र के दर्शन कराती रामलीला के मंचन के लिये स्थानीय युवा एक माह से अभ्यास कर रहें है। इस हेतु पात्र वितरण, अभ्यास, नये दृश्यों के समावेश से लेकर लीला को हर हालत में रात्रि 9 बजे से लेकर रात्रि डेढ़ बजे की समयसीमा के अंदर ही मंचन करनें को नाटक क्लब संकल्पबद्ध है। इस दौरान श्रीरामलीला कमेटी के कोषाध्यक्ष अमित गंभीर, उपाध्यक्ष विजय जग्गा, राकेश सुखीजा, मोहन लाल भुड्डी, महावीर आजाद, अमित अरोरा बोबी, आशीष ग्रोवर आशू, गौरव राज बेहड़, राजेश छाबड़ा, जगदीश टंडन, गौरव तनेजा, हरीश सुखीजा, आशीष ग्रोवर आशू, प्रेम खुराना, मनोज मुंजाल, अनिल तनेजा, सचिन मुंजाल, आशीष मिड्ढा, विजय विरमानी, रमन अरोरा, संजीव आनंद, अमित चावला, हरीश अरोरा, ओम प्रकाश अरोरा, देवी शंकर अग्रवाल टिल्लू, राजकुमार कक्कड़, गौरव जग्गा, रामकृष्ण कन्नौजिया, मनोज गाबा, सौरभ राज बेहड़, मोहक अरोरा, सुभाष तनेजा, सनी आहूजा, सचिन आनन्द, आयुष्मान सुशील गाबा आदि मौजूद थे

**ऑनलाईन सर्वे में ..**क्षेत्रों से लेकर दूरस्थ गांवों तक मदद पहुंचाने में जिस गंभीरता और संवेदनशीलता का परिचय मुख्यमंत्री ने दिया, वह देशभर के लिए एक मिसाल बन गया है। विश्लेषकों का मानना है कि इस सर्वे का असर केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका प्रभाव आगामी राजनीतिक समीकरणों और जनमानस की प्राथमिकताओं में भी देखने को मिलेगा। पुष्कर सिंह धामी को लेकर जनता में जो भरोसा दिखाई दे रहा है, वह सिर्फ आपदा प्रबंधन तक सीमित नहीं, बल्कि एक विश्वसनीय नेतृत्व के रूप में उभरते चेहरे की झलक देता है।

**हिंदू संगठनों ने फंका...**वीरेंद्र यादव, विभाग मंत्री पीयूष, नगर उपाध्यक्ष जोगेंद्र सिंह, जिला सह प्रमुख हरीश यादव, प्रिंस कोहली, गौरव मिश्रा, अभिषेक शर्मा, सचिन शर्मा, मनीष कश्यप, चंद्रपाल, सनी मौर्य, पिंकू मौर्या, पुष्पेंद्र मौर्य, शिवम मौर्य, पूजा लटवाल, कल्पना सक्सेना अर्चना सिंह बिदुलता गुप्ता, सचिन मलिक, विशाल कोहली, अलका अरोरा, सुदेव दास गुप्ता, संजय कोलीआदि सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

**अवैध रूप से रह रही दो..**बांग्लादेशी पहचान पत्र और परिवार रजिस्टर बरामद हुआ। पूछताछ में महिलाओं ने स्वीकार किया कि वे पश्चिम बंगाल बॉर्डर से गैरकानूनी तरीके से भारत में दाखिल हुईं और कुछ समय से देहरादून में रह रही थीं। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार महिलाओं की पहचान यासमीन पुत्री मोहम्मद तोहिद मियां, निवासी सिलहट (बांग्लादेश) और राशिदा बेगम पुत्री मोहम्मद उल्ला, निवासी चटग्राम (बांग्लादेश) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि दोनों महिलाओं के विरुद्ध विदेशी अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई की जा रही है, और उन्हें जल्द ही बांग्लादेश डिपोर्ट किया जाएगा। इस सिलसिले में उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। गौरतलब है कि देहरादून पुलिस द्वारा चलाया जा रहा ऑपरेशन कालनेमि अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक विशेष अभियान है। इस अभियान के तहत अब तक 5 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार कर डिपोर्ट किया जा चुका है, जबकि 7 अन्य के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेजा गया है।

**पेट्रोल पंप के पास...**को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और शिनाख्त के प्रयास तेज कर दिए गए हैं। आसपास के थानों और चौकियों में गुमशुदगी की रिपोर्टों को भी खंगाला जा रहा है। हालांकि अभी तक पुलिस ने किसी निष्कर्ष पर पहुंचने से इनकार किया है, लेकिन शव की हालत को देखते हुए हत्या की आशंका से इनकार भी नहीं किया जा रहा है। मामले की जांच गंभीरता से की जा रही है और जल्द ही घटना से जुड़े तथ्य सामने आने की उम्मीद जताई जा रही है।

**साईबर ठगी के...**केस की एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही तकनीकी जांच के जरिए आरोपियों की पहचान कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस घटना के बाद पूरे शक्तिफार्म क्षेत्र में डिजिटल लेन-देन को लेकर दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि वे इस मामले को हाई-प्रायोरिटी पर लेकर जांच कर रहे हैं और जल्द ही ठगों के गिरोह का खुलासा किया जाएगा। साइबर सेल की मदद ली जा रही है और ट्रांजैक्शन डिटेल्स के आधार पर संदिग्ध खातों को ट्रेस किया जा रहा है।

# चोरी के माल सहित एक गिरफ्तार

किच्छा(उद संवाददाता)। पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए लोहे की सरिया चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। थाना किच्छा क्षेत्र के गैस एजेंसी वार्ड नं. 7 निवासी आरोपी विरेन दास उर्फ विरेन कुमार पुत्र विजय दास उम्र 35 वर्ष को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी के कब्जे से एक प्लास्टिक के कट्टे में 77 अदद लोहे की सरिया के छोटे-बड़े टुकड़े बरामद किए। बरामद माल को कब्जे में लेकर कार्रवाई की गई। विवेचना में सामने आया कि आरोपी लंबे समय से चोरी की घटनाओं में संलिप्त था और लोहे की सरिया को ठिकाने लगाने की फिराक में था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जाएगा। इस कार्रवाई से क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पुलिस को सफलता मिली है। पुलिस ने बताया कि स्थानीय लोगों के सहयोग से अपराधियों की पहचान कर उन्हें पकड़ने का अभियान लगातार जारी रहेगा।




## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डीएल में मेरा नाम RABON S/O RATAN अंकित है जो गलत है। अभिलेखों में मेरा सही नाम ROBIN S/O RATAN HAJARA है।

अत: मेरे डीएल लाईसेंस में मेरा सही नाम ROBIN S/O RATAN HAJARAअंकित किया जाये।

रॉबिन पुत्र श्री रतन हजारा
निवासी-ग्राम महाराजपुर, तहसील किच्छा (उधमसिंहनगर) उत्तराखण्ड

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम काली दास (KALI DAS) से बदलकर काली दास गगनेजा (KALI DAS GAGNEJA) रख लिया है। भविष्य में मुझे काली दास गगनेजा (KALI DAS GAGNEJA) के नाम से जाना और पहचाना जाएगा।

काली दास गगनेजा पुत्र श्री दिवान चंद गगनेजा, निवासी- एच.नं-बी-31, ईश्ध्वर कॉलोनी, रुद्रपुर, उधम सिंह नगर, उत्तराखंड

## सूचना सम्बंध विच्छेद

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि हमारा पुत्र नितिन राठौर गलत संगत में पड़ गया है। परिजनों के प्रति उसका व्यवहार ठीक नहीं है और परिजनों से मारपीट कर धमकी देता है। जिस कारण हमने अपने पुत्र नितिन राठौर से पारिवारिक सम्बंध विच्छेद करते हुए उसे अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में नितिन राठौर द्वारा किये गये किसी भी कार्य अथवा लेन देन के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा। हमारा या हमारे परिवार के किसी भी सदस्य का इससे कोई सरोकार नहीं होगा।

रामनरेश पुत्र श्री सुरेन्द्रपाल सिंह, जयन्ती देवी पत्नी श्री रामनरेश निवासी-शिव नगर वार्ड नं. 7, रूद्रपुर (ऊधमसिंह नगर)

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ;उत्तराखण्डद्धसे मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
पफोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रुद्रपुर में 21 को होगा 'सितारे उत्तराखण्ड के' कार्यक्रम भव्य आयोजन

## ❑मॉडलिंग,गायन,नृत्य एवं किड्स फैशन शो जैसी प्रतियोगिताओं में निखरेगी प्रतिभाएं
## ❑शो में कपल्स मॉडलिंग और डान्स सोलो प्रतियोगिता रहेगी आकर्षण का मुख्य केन्द्र

**उत्तरांचल दर्पण संवाद**

रुद्रपुर। नगर की सांस्कृतिक धरती एक बार फिर प्रतिभाओं की रौशनी से जगमगाने जा रही है। आगामी 21 सितम्बर को शहर के भूरारानी रोड स्थित द्वारका फार्म हाउस, सिटी वन में "सितारे उत्तराखण्ड के" नामक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन एसवी प्रोडक्शन हाउस एवं टाईकून डांस एकेडमी के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य रुद्रपुर सहित आसपास के क्षेत्रों की छुपी प्रतिभाओं को एक मंच प्रदान कर उन्हें राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक वसुधा सिंह और सोनू मौर्या ने बताया कि यह मंच विशेष रूप से उन युवाओं, बच्चों और कलाकारों के लिए तैयार किया गया है जिन्हें अपनी कला और प्रतिभा को समाज के सामने रखने का अवसर नहीं मिल पाता। 'सितारे उत्तराखण्ड के' उन्हें न केवल एक भव्य मंच देगा, बल्कि भविष्य में म्यूजिक एलबम्स और अन्य रचनात्मक परियोजनाओं में काम करने का अवसर भी उपलब्ध कराएगा। इस आयोजन में विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं रखी गई हैं, जिनमें मॉडलिंग, गायन, नृत्य और बच्चों के लिए फैशन शो प्रमुख रूप से शामिल हैं। मॉडलिंग, सिंगिंग,डांस प्रतियोगिताएं जूनियर और सीनियर दोनों वर्गों के लिए आयोजित की जाएंगी। डांस प्रतियोगिता में सोलो, डुएट और ग्रुप डांस की प्रस्तुतियां देखने को मिलेंगी। छोटे बच्चों के लिए विशेष रूप से किड्स फैशन शो आयोजित किया जा रहा है, जिसमें नन्हें-मुन्ने बच्चे रैम्प पर अपने आकर्षक अंदाज से दर्शकों का मन मोह लेंगे। इस पूरे आयोजन में कपल्स मॉडलिंग प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केन्द्र होगी, जो पहली बार रुद्रपुर जैसे शहर में आयोजित की जा रही है। आयोजकों के अनुसार इस अनोखी प्रतियोगिता में जोश और आकर्षण का



अनोखा संगम देखने को मिलेगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से सम्मानित किया जाएगा, जिसमें 31,000 तक के नगद पुरस्कार भी शामिल हैं। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए इच्छुक प्रतिभागी ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आयोजकों ने यह भी स्पष्ट किया है कि प्रतिभागियों का चयन पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी प्रक्रिया के तहत किया जाएगा, ताकि योग्य प्रतिभाओं को उनका उचित स्थान मिल सके। इस कार्यक्रम की निर्णायक मंडली भी बेहद खास रहने वाली है। आयोजन के ग्रांड फिनाले में हिप हॉप इंडिया 2019 के विजेता और विश्वविख्यात डांसर अमन शाही विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उनके साथ ही डांस और म्यूजिक जगत की कई अन्य जानी-मानी हस्तियां भी निर्णायक के रूप में कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगी। वसुधा सिंह और सोनू मौर्या ने बताया कि इससे पूर्व एसवी प्रोडक्शन हाउस और टाईकून डांस एकेडमी 2023 और 2025 में 'टैलेंटेड स्टार सीजन' प्रतियोगिता का बरेली जैसे महानगर में सफल आयोजन कर चुकी है। जिसे प्रतिभागियों और दर्शकों का भरपूर समर्थन मिला था। उसी तर्ज पर अब रूद्रपुर में प्रतिभाओं को एक भव्य मंच देने के लिये "सितारे उत्तराखण्ड के"का भव्य कार्यक्रम किया जा रहा है। टाईकून डांस एकेडमी की शाखाएं मुंबई, देहरादून और बरेली जैसे शहरों में पहले से सक्रिय हैं, जहां से प्रशिक्षण प्राप्त कर कई युवा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके हैं। कार्यक्रम आयोजकों का कहना है कि इस प्रकार के आयोजनों से न केवल कलाकारों को प्रोत्साहन मिलता है, बल्कि पूरे क्षेत्र की सांस्कृतिक छवि को भी नई पहचान मिलती है। "सितारे उत्तराखण्ड के" जैसे आयोजन उत्तराखण्ड की प्रतिभाओं को निखारने और उन्हें आगे बढ़ाने का माध्यम बनते हैं। इससे न सिर्फ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ता है, बल्कि शहर और राज्य का नाम भी देशभर में रोशन होता है। रुद्रपुर व आसपास के क्षेत्रवासियों के लिए यह कार्यक्रम एक सुनहरा अवसर है जहां वे अपनी छिपी प्रतिभा को दुनिया के सामने ला सकते हैं या दर्शक बनकर इस सांस्कृतिक पर्व का आनंद ले सकते हैं। यह आयोजन न केवल मनोरंजन का माध्यम होगा बल्कि एक ऐसा मंच भी बनेगा जहां से कई सितारे अपने उज्जवल भविष्य की ओर पहला कदम रखेंगे।






# सेवा पखवाड़ा के कार्यक्रमों को लेकर चुघ ने ली बैठक

रुद्रपुर(उद संवाददात)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देश भर में सेवा पखवाड़ा अभियान चलाया जाएगा। जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसको लेकर भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश से सह संयोजक भारत भूषण चुघ बरा मंडल के गांव सरकड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत कार्यकर्ताओं को जानकारी दी। उन्होंने कहा की सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्तिकरण और समर्पण के भाव से जोड़ने का बेहतरीन अवसर है। श्री चुघ ने का यह कार्यक्रम भाजपा कार्यकर्ताओं का ही नहीं बल्कि नागरिकों के लिए संदेश है कि सब मिलकर शहर प्रदेश और देश को विकास की नई ऊंचाइयों पर ले जा सकते हैं। उन्होंने कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से सेवा परमो धर्म को सार्थक करते हुए गरीब और वंचित समाज के






उत्थान के लिए कार्यकर्ता सेवा कार्य करें। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बताया की सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता, वृक्षारोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य शिविर, खेलकूद प्रतियोगिता और चित्रकला प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संगठन और सरकार द्वारा आयोजित जनकल्याणकारी योजनाएं जनता के समक्ष रखी जाएगी। प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी। इसके अलावा प्रबुद्ध जनों का सम्मेलन, डॉक्यूमेंट्री फिल्म प्रदर्शनी, पुस्तक वितरण, नमो मैराथन दौड़, दिव्यांग विशिष्ट सम्मान, पंडित दीनदयाल की जीवन पर जिला स्तरीय संगोष्ठी, वोकल फार लोकल अभियान, आत्मनिर्भर भारत, फिट इंडिया और नशा मुक्त भारत अभियान चलाए जाएंगे। साथ ही 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पंडित लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर भी विभिन्न कार्यक्रम किए जाएंगे। श्री चुघ ने कहा कि सेवा पखवाड़ा अभियान को लेकर कार्यकर्ता वृद्धजनों, अनाथों ,गरीबों और दिव्यांगजनों की सेवा में सक्रिय भूमिका निभाएं ताकि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम साकार हो सके। इस दौरान मंडल अध्यक्ष सत्यवान, उपाध्यक्ष सेवाराम आर्य, चंद्रपाल गंगवार ,नसीम खान, परमजीत सिंह ,अहमद हुसैन ,पुष्पेंद्र सिंह, सलीम अहमद, गुरविंदर सिंह, सुख चौन सिंह, राम सिंह, रमेश बाबा, रक्षपाल सिंह, राशिद खान, यूनिस खान, फुरकान खान ,जसवीर सिंह, तस्लीम खान ,चंद्रशेखर ,समीर खान, लालता प्रसाद ,मनजीत सिंह, जसवंत सिंह समेत तमाम भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। बैठक का संचालन मण्डल महामंत्री राम सिंह गिल ने किया।






# उद्यम संवाद कार्यक्रम में बहुगुणा ने युवाओं को रोजगार का दिया भरोसा

शक्तिफार्म/सितारगंज। सिडकुल इंडस्ट्री वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा आयोजित 'उद्यम संवाद' कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने शिरकत की। इस अवसर पर क्षेत्र के उद्योगपतियों और एसोसिएशन के सदस्यों ने राज्य सरकार की औद्योगिक नीतियों और उद्यमियों के हित में उठाए गए कदमों की सराहना की। कार्यक्रम के दौरान सबसे अहम मुद्दा स्थानीय युवाओं को रोजगार में प्राथमिकता का रहा। SSIWA के प्रतिनिधियों ने मंत्री के समक्ष यह स्पष्ट रूप से रखा कि योग्यता होने के बावजूद क्षेत्र के हजारों युवा अवसरों से वंचित हैं, जिससे स्थानीय समाज में असंतोष का माहौल बन रहा है। कैबिनेट मंत्री सौरभ






बहुगुणा ने इस मुद्दे को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि अब राज्य में स्थानीय युवाओं के साथ कोई भेदभाव नहीं होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता स्थानीय प्रतिभाओं को उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार दिलाना है। उन्होंने यह भी कहा कि इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे और एक सख्त निगरानी तंत्र विकसित किया जाएगा, ताकि उद्योगों में भर्ती प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष हो। कार्यक्रम में एसोसिएशन के अध्यक्ष कृष्ण सत्यवली, सचिव दुर्गेश मोहन, पूर्व अध्यक्ष आर.के. गुप्ता, मुकेश सनवाल, गोविंद तालुकदार, संजय बछाड़, कृष्ण पद मंडल, आदेश ठाकुर, मयंक अग्रवाल, उदय राणा, मनोज सरकार, राघव सिंह समेत कई उद्यमी एवं सदस्य उपस्थित रहे।